हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 7 मई 2024

04 सुदामा गरीब नहीं सबसे बड़े धनवान थेः पंडित...



08 वोटिंग आजः 19 लाख 38 हजार मतदाता डालेंगे वोट...





**खबर संक्षेप**

### मोबाइल फोन प्रतिबंधित

**विदिशा।** आज मतदान केंद्र के 100 मीटर की परिधि में मोबाइल फोन का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। केवल प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सुरक्षा में तैनात अधिकारियों को ही मोबाइल फोन के उपयोग की अनुमति है। इनके फोन भी मतदान केन्द्र के अंदर साइलेंट रहेंगे। मतदान केन्द्र से 100 मीटर की परिधि में निजी अथवा सार्वजनिक स्थान पर किसी भी तरह का प्रचार प्रतिबंधित रहेगा। इस परिधि में चुनाव प्रचार से जुड़े कोई पोस्टर, बैनर नहीं लगेंगे। मतदान केन्द्र से 100 मीटर की परिधि में लाउडस्पीकर तथा अन्य ध्वनि विस्तार यंत्रों का उपयोग भी प्रतिबंधित रहेगा। मतदाताओं को बीएलओ द्वारा मतदाता पर्ची प्रदान की गई है। यदि कोई अन्य व्यक्ति अशासकीय तौर पर मतदाता पर्ची वितरण करता है तो उसे मतदान केन्द्र से 200 मीटर के बाद अपना बूथ बनाना होगा।

### श्रमिकों को आज सवैतनिक अवकाश

**विदिशा।** विधानसभाओं के क्षेत्रों में आने वाले सभी कारोबार, व्यवसाय औद्योगिक उपक्रम में चाहे दैनिक मजदूर या आकस्मिक श्रमिक श्रेणी मजदूर हों सभी को अवकाश मंजूर किया जाना आवश्यक है। कामगार किसी ऐसे उद्योग या स्थापना में नियोजित है जो उस विधानसभा क्षेत्र से बाहर है जहां आम निर्वाचन हो रहे हैं, उन्हें मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश की पात्रता होगी।

### आदर्श मतदान केंद्रों पर सजावट की गई

**विदिशा।** मंगलवार को जिले के 1341 मतदान केन्द्रों पर मतदान प्रक्रिया होगी। विदिशा जिले की सभी पांचों विधानसभाओं में आदर्श मतदान केंद्र भी बनाए गए हैं। इन मतदान केन्द्रों में विशेष साज सजावट के साथ-साथ मतदाताओं की सुविधा के लिए विशेष पहल करते हुए पर्याप्त पेयजल, छांव के लिए टेंट, ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए कूलर-पंखे इत्यादि के प्रबंध किए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य की विशेष पहल पर विदिशा जिले की कुरवाई विधानसभा के आदर्श मतदान केंद्र क्रमांक 135 तथा आदर्श मतदान केंद्र क्रमांक 127 में भी विशेष साज सज्जा की गई है इसके साथ ही विदिशा जिले की विदिशा, बासौदा, सिरोंज और शमशाबाद विधानसभा में भी विशेष सजावट की गई है।

### नपा में नेता प्रतिपक्ष बने आशीष माहेश्वरी

**विदिशा।** वार्ड नंबर 17 के पार्षद



आशीष माहेश्वरी को मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, लोकसभा प्रत्याशी प्रतापभानु शर्मा एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित रघुवंशी की सहमति से नगरपालिका परिषद में नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। उक्त जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता अरुण अवस्थी ने दी।

## लोकसभा चुनाव 2024: 40 डिग्री तापमान में बसों में बैठकर चुनाव कराने रवाना हुए हजारों मतदानकर्मी

# मतदान केंद्रों पर पहुंचे कर्मचारी, आज शाम 6 बजे तक ईवीएम में कैद हो जाएगी 2 सांसदों की किस्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

सांसद चुनने के लिए आज विदिशा और सागर लोकसभा क्षेत्र में वोटिंग होगी। जिले की पांचों विधानसभा में आज सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक 1341 मतदान केंद्रों पर 11 लाख 6 हजार 123 मतदाता वोट डालकर अपनी पसंद के सांसद चुनेंगे। जिसमें सागर संसदीय सीट और विदिशा संसदीय सीट शामिल है।

सोमवार को जफरखेड़ी स्थित स्ट्रांग रूम से विदिशा विधानसभा और शमशाबाद विधानसभा के मतदान केंद्रों के लिए मतदान सामग्री का वितरण किया गया। जबकि बासौदा विधानसभा क्षेत्र के मतदानकर्मियों को शासकीय संजय गांधी महाविद्यालय बासौदा के परिसर से तथा कुरवाई विधानसभा के मतदानकर्मियों को निर्वाचन सामग्री का वितरण शासकीय महाविद्यालय कुरवाई से, वहीं सिरोंज विधानसभा के मतदान कर्मियों को निर्वाचन सामग्री का वितरण शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज लटेरी रोड सिरोंज से किया गया। विदिशा के जाफरखेड़ी में स्थित स्ट्रांग रूम में सुबह से मतदान कर्मचारियों को मतदान सामग्री का वितरण एक ही टेबल पर किया गया। मतदान सामग्री वितरण के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए। इसके लिए एक बड़ा डोम बनाया गया, जहां गर्मी से बचने के लिए कूलर लगाए गए। मतदान दल के कर्मचारियों को निर्वाचन सामग्री टेबल पर दी गई। जिसके बाद कर्मचारियों ने पूरी सामग्री को चेक किया इसके बाद मतदान केंद्र के लिए रवाना हुए।

मतदान दल को मतदान केंद्र तक भेजने के लिए बसों की व्यवस्था की गई। कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान दलों को रवाना किया गया। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी बुद्धेश कुमार वैध मतदान सामग्री वितरण स्थल पर पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विदिशा और शमशाबाद विस के लिए आदर्श महाविद्यालय जाफरखेड़ी से और बासौदा विधानसभा क्षेत्र की समाग्री बासौदा से कुरवाई विधानसभा क्षेत्र की कुरवाई से और सिरोंज विधानसभा क्षेत्र की सामग्री सिरोंज से वितरित की गई। मतदान दलों कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान केंद्रों पर पहुंचाया जा रहा है।





विदिशा। सामग्री वितरण केंद्र जाफरखेड़ी से मतदान सामग्री लेने के बाद मतदान कर्मियों को बसों के माध्यम से मतदन केंद्रों पर रवाना किया गया।

### फिलिपीन्स और श्रीलंका के 11 सदस्य मतदान केंद्रों पर करेंगे भ्रमण

तीसरे चरण के मतदान की प्रक्रिया का अध्ययन करने फिलीपीन्स और श्रीलंका का 11 सदस्यीय अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि मंडल आज विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमण करेगा। इंटरनेशनल डेलीगेशन में फिलीपीन्स के कमीशन ऑन इलेक्शन्स की एसोसिएट कमिश्नर सोकोर्रो बी. इंटिंग, डायरेक्टर सेलिया बी. रोमेरो एवं एग्जीक्युटिव असिस्टेंट लेसली एनसी. कॉनक्विला विदिशा आएंगे। इसी तरह श्रीलंका के प्रेसीडेंशियल कमीशन ऑफ इन्क्वायरी टू मेक रिकमंडेशन्स फॉर इलेक्शन लॉ रिफार्म्स के चेयरमैन जस्टिस वीवेज प्रियसथ गेराड डेप, कमीशन मेम्बर सुंथारम अरूमैनायाहम, कमीशन मेम्बर अलीसंढारालेज सेनानायके, कमीशन मेंबर अहमद लेब्बे मोहम्मद सलीम, कमीशन मेंबर निमालका फर्नान्डो, कमीशन मेंबर विथारानागे दीपानी सामंथा रॉडरिगो, कमीशन मेंबर एलन करमाइकल वेरे तंबिनायागम डेविड सहित कमीशन सेकेट्री माधवा देवा सुरेन्द्र विदिशा भ्रमण के दौरान मतदान केन्द्र क्रमांक 094 सुनपुरा, मतदान केन्द्र क्रमांक 082 बागरी, मतदान केंद्र क्रमांक 104 आरटीओ कार्यालय, विदिशा, मतदान केन्द्र क्रमांक 184 ट्रिनिटी कान्वेंट स्कूल, मतदान केन्द्र क्रमांक 236 चिड़ौरिया पहुंचकर तीसरे चरण की संपूर्ण मतदान प्रक्रियाओं का अवलोकन करेंगे। यह डेलीगेशन विदिशा जिले के मतदान केन्द्रों में चल रही मतदान प्रक्रिया का स्पॉट विजिट कर मतदाताओं से चर्चा भी करेगा। डेलीगेशन इसी दिन भोपाल से प्रस्थान करेगा।

### मतदान के 90 मिनट पहले होगा मॉकपोल

आज सुबह मतदान शुरू होने से 90 मिनट पहले मॉकपोल मतदान किया जाएगा। इस दौरान अभ्यर्थियो के - अभिकर्ताओ को भी शामिल किया जाएगा। आयोग द्वारा निर्धारित समय के बाद भी यदि मतदान के लिए मतदाता लाइन में है तो उन्हें उल्टे क्रम में पीठासीन अधिकारी द्वारा पर्चियां जारी की जाएंगी। इसी तरह मतदान केंद्र में पहुंचने के बाद की जाने वाली कार्यवाही, मतदान प्रारंभ होने के पूर्व मॉकपोल, मॉकपोल के पश्चात वास्तविक मतदान, अभिकर्ताओं की नियुक्ति, मतदान पूर्व की जाने वाली घोषणाएं, मतदान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, ईवीएम में खराबी आने पर दूसरी इवीएम के उपयोग के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया, मॉकपोल के दौरान किए गए मतदान पर्चियों को शील्ड करने, सीआरसी ईवीएम के कनेक्शन मतदान के बाद की जाने वाली कार्यवाहियां तथा निर्धारित प्रपत्र भरने आदि की जानकारी दी गई।

### सूचना और शिकायत के लिए अधिकारियों के मोबाइल नंबर जारी

निर्वाचन संबंधी समस्या, जानकारी या शिकायत करने के लिए प्रशासन द्वारा अधिकारियों के नंबर जारी किए गए हैं। सागर की सामान्य प्रेक्षक अंजलि शेरावत नंबर 9479890824 है। वहीं पुलिस प्रेक्षक सागर का मोबाइल नंबर 9479910845 पर बात की जा सकती है। वहीं सामान्य प्रेक्षक विदिशा सूरज कुमार का नंबर 9244593185 हैं। व्यय प्रेक्षक मेहुल भारत जैन से मोबाइल नंबर 92445 50433 पर बात की जा सकती है।

### कलेक्टर ने की मतदान की अपील

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने



मतदाताओं से मतदान केंद्रों पर पहुंचकर अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की है। कलेक्टर वैद्य ने कहा की लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदाता स्वतंत्र और निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

## ड्राई डे पर बेचने लाए शराब आबकारी विभाग ने जब्त की




विदिशा। सात पेटी अवैध शराब के साथ गिरफ्तार हुआ शराब माफिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

सहायक जिला आबकारी अधिकारी मुकेश मौर्य के नेतृत्व में ड्राई डे पर विक्रय के लिए आई अवैध शराब को आबकारी विभाग के अमले ने जब्त करने की कार्रवाई की।

संयुक्त टीम ने सुबह दबिश देकर 2 अलग-अलग प्रकरण पंजीबद्ध किए। जिनमें आरोपी मनोज-तुलाराम चौकसे उम्र 42 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 30, पीतलमिल चौराह के कब्जे से सात पेटियों में 84 बोतल जीनियस व्हिस्की मात्रा 63 बल्क लीटर कीमत 58800 रुपए तथा दूसरे प्रकरण में आरोपी विक्रम कुशवाह उम्र 19 वर्ष निवासी करैयाखेड़ा रोड के कब्जे के एक्टिवा वाहन से 290 पाव में भरी 52.2 बल्क लीटर देशी मदिरा प्लेन जिसकी कीमत 40300 रुपए जब्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) का प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। जब्तशुदा मदिरा व वाहन का बाजार मूल्य लगभग 99,100 रुपए आंकलित किया गया है। उक्त कार्रवाई आबकारी उप निरीक्षक सुनील चौहान एवं महेश विश्वकर्मा द्वारा की गई। कार्रवाई में परिवीक्षाधीन आबकारी उप निरीक्षक रविशंकर धाकड़ तथा आबकारी आरक्षक शिवलाल चिढ़ार, पवन गौर, राहुल राठौर, प्रमोद धुर्वे, आशीष कौरव एवम प्रीति परिहार का सराहनीय भूमिका रही।

> अवैध शराब बिक्री पर आबकारी विभाग के अफसरों की है नजर

## कलेक्टर ने 7 आदतन अपराधियों पर जिलाबदर और दो अपराधियों पर एनएसए की कार्रवाई की

> न्यायालयों में आपराधिक मामले होने पर पेशी के दिन उन जिलों के न्यायालय में आ और जा सकेंगे अपराधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने जिले के 7 आदतन अपराधियों को एक-एक साल के लिए जिले की सीमा से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। वहीं एक आरोपी को छः माह के लिए तथा गंभीर अपराधों को अंजाम देने वाले दो आरोपियों के विरूद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत कार्रवाई के आदेश जारी किए। इन अपराधियों ने मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना, हत्या अड़ीबाजी, बलवा, जैसे कई अपराधों को अंजाम दिया था। सुदीप पाल पुत्र पप्पू उर्फ मथुरा प्रसाद पाल आयु 24 साल निवासी शंकरजी की मढिया के पास पीतलमील, भूरा पंथी पिता रामचरण पंथी उम्र 48 साल निवासी ग्राम ओखलीखेड़ा, थाना आनंदपुर को एक-एक साल के जिला विदिशा एवं सीमावर्ती जिले, रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर एवं राजगढ़ की सीमाओं से जिलाबदर किया गया है। वहीं छः माह की कालावधि के लिए विजय दांगी पुत्र रामदास दांगी उम्र 30 साल निवासी ग्राम इकोदिया थाना गुलाबगंज, भूरा उर्फ गौरव सूर्यवंशी पुत्र रामदास 22 साल निवासी पुरनपुरा चौराह जिम के सामने, राजा उर्फ घनश्याम वंशकार पिता हरिसिंह वंशकार उम्र 22 साल निवासी रामनगर कालोनी गंजबासौदा, अजय राजपूत पिता चैनसिंह किलेअंदर बैस दरवाजा, ज्ञान सिंह राजपूत पुत्र भंवर सिंह राजपूत उम्र 40 साल निवासी ग्राम रूसल्लीदामा, थाना पथरिया को एक-एक वर्ष की कालावधि के लिए जिला बदर के आदेश दिए गए हैं। गंभीर आदतन अपराधी निहाल सिंह राजपूत पुत्र कमल सिंह राजपूत उम्र 38 साल निवासी किलेअंदर चोपड़ा एवं रविकांत पिता कृष्णकांत मलैया उम्र 27 साल निवासी बेदनखेड़ी टपरिया को रास्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत कार्रवाई कर केन्द्रीय जेल भोपाल में आगामी आदेश तक निरूद्ध किए जाने का आदेश भी पारित किया गया है।

### निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कल

**विदिशा।** विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर 8 मई को भारतीय रेडक्रास सोसायटी की विदिशा शाखा द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। 8 मई को सुबह 9 से 11 बजे तक रेडक्रास भवन पुराना ब्लड बैंक पर डॉ.योगेश भरसट, कार्डियोलाजिस्ट, डॉ. कुशाग्र दीक्षित, हृदय रोग एवं डायविटीज स्पेशलिस्ट, डॉ.विनोद भट्ट, नेत्र विशेषज्ञ, डॉ.सचिन गर्ग, ऑर्थोपेडिक्स सर्जन, डॉ. रूपिका गर्ग स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. हंसा शाह स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ.सोम्यता मिश्रा केंसर रोग विशेषज्ञ द्वारा मरीजों का निःशुल्क परीक्षण कर परामर्श दिया जाएगा। डॉ.व्हीपी मेहरा द्वारा मधुमेह की निःशुल्क जांच की जाएगी। शिविर में निःशुल्क ईसीजी सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। डॉ.एमके जैन शिशु रोग विशेषज्ञ भी परीक्षण करेंगे।

## टीलाखेड़ी, आमवाली कॉलोनी, आचार्य कॉलोनी और करैयाखेड़ा रोड पर पानी की किल्लत शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

टीलाखेड़ी, आम वाली कॉलोनी आचार्य कॉलोनी और करैयाखेड़ा रोड पर पानी की किल्लत शुरू हो गई है। नगरपालिका द्वारा यहां टैंकरों से पानी की सप्लाई की जा रही है।

नगरपालिका द्वारा टीलाखेड़ी सहित आसपास के अन्य जगहों पर नई पाइपलाइन बिछाई गई है, लेकिन अभी भी वहां पेयजल उपलब्ध नहीं कराया जा रहा। यहां रहने वालों की नगरपालिका द्वारा भेजे जाने वाले टैंकरों के भरोसे ही पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। सबसे ज्यादा दिक्कत टीलाखेड़ी कॉलोनी, आम वाली कॉलोनी, आचार्य कॉलोनी और करैयाखेडा रोड के विभिन्न स्थानों पर है। वहीं नगरपालिका द्वारा इंदिरा कंपलेक्स से पानी भरकर शहर के इन स्थानों पर सप्लाई करती है। वहीं टैंकर ले जाने वाली कर्मचारियों का कहना है कि रोज कई टैंकरों से अलग-अलग वार्डों में कई चक्कर लगाते हैं और पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। रोजाना लगभग 35 से 40 टैंकरों के द्वारा शहर में पानी की सप्लाई की जा रही है। एक टैंकर लगभग 6 से 7 चक्कर लगाता है और पानी सप्लाई करता है। एक दिन छोड़कर वार्ड में पानी दिया जा रहा है।

> कई इलाकों में नई पाइप लाइन बिछाई जा रही है।

## घर में घुसने से मना किया तो पति-पत्नी को कुल्हाड़ी मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

करारिया थाना अंतर्गत ग्राम दुलई में कुल्हाड़ी से हमला करने का मामला सामने आया है। गुलाबगंज निवासी रामकृष्ण दुलई में रामलाल कलावत के घर पहुंचा और बिना वजह घर में घुसने लगा। मना करने पर उसने रामलाल के सिर में कुल्हाड़ी मार दी। बीच बचाव करने पहुंचे रामलाल की पत्नी को भी कुल्हाड़ी मारकर घायल कर दिया।

रुकमाबाई के हाथ में कुल्हाड़ी लगी। इसके बाद परिवार के लोगों ने रामकृष्ण के साथ भी जमकर मारपीट कर दी। इस घटना में रुकमा बाई उनका पति रामलाल हमला करने वाला रामकृष्ण तीनों घायल हो गए। झगड़े के बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। तीनों को घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया की रामकृष्ण को होश नहीं आया है। होश आने के बाद बयान दर्ज किए जाएंगे। दोनों पक्षों के बयान दर्ज होने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेंगी।

### इंद्रप्रस्थ कॉलोनी स्थित जिनालय में आचार्य विनम्रसागर ने श्रद्धालुओं को किया संबोधित

## किस्मत से सब मिलता है,पुरुषार्थ से सब चलता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

आचार्य विनम्रसागर महाराज ने इन्द्रप्रस्थ कालोनी स्थित वासूपूज्य जिनालय में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा की किस्मत से सब मिलता है,पुरुषार्थ से सब चलता है। उन्होंने कहा कि भूत में जो पुरूषार्थ किया था उसी पुरुषार्थ से आज यह संपन्नता और जिनमंदिर नजर आ रहा है।

धर्म सभा में मंदिर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष विजय जैन शिक्षक, जय कुमार जैन स्वागत, डा. एमसी जैन, प्रवक्ता अविनाश जैन ने गुरु चरणों का पादप्रक्षालन किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए योग शिक्षक डा.एके जैन ने संत भवन निर्माण कार्य की रुपरेखा रखी। राजेन्द्र भंडारी, संजय भंडारी, सुनील जैन सहित मंदिर ट्रस्ट कमेटी तथा मुनि सेवक



संघ के सभी सदस्यों तथा महिलामंडल ने आचार्य श्री संघ को श्रीफल अर्पित करते हुए आशीर्वाद लिया। सभा को संबोधित करते हुए आचार्य श्री ने कहा कि इंद्रप्रस्थ कालोनी में आज जो सपन्नता दिख रही है वह तत्काल का पुरुषार्थ नहीं बल्कि पूर्व का किया पुरुषार्थ है। उन्होंने अच्छी किस्मत का उदाहरण देते हुए कहा कि जिन लोगों को आम की गुठली में आम का वृक्ष और उस पर लदे सैकड़ों आम दिखाई देते है,तो यह उनकी अच्छी किस्मत का सूचक है और यदि प्रत्येक आत्मा में परमात्मा तथा इंसान के अंदर भगवान नजर आ गए तो वह सबसे बढ़िया किस्मत के धनी होने का सूचक है।

उन्होंने कहा कि आप अपनी किस्मत को बनाने वाले और उसका फल भी आप ही भोग सकते हैं। वह फल तत्काल भी मिलता है तथा संचित कर्म का भी होता है। उन्होंने तत्काल फल का उदाहरण देते हुए कहा कि जब आप मंदिर आते है और भगवान का अभिषेक तथा पूजा करते है और यदि गुरु महाराज का पड़गाहन कर आहार देते है तो आपको जो प्रसन्नता मिलती है वह तत्काल तो मिलती ही है वह पुण्य भविष्य के लिए भी संचित होता है।

### ब्राह्मण मैत्री का दो दिवसीय आयोजन 8 और 9 मई को

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** भगवान परशुराम के प्राकट्योत्सव पर ब्राह्मण मैत्री की महिलाओं द्वारा दो दिवसीय आयोजन 8 मई एवं 9 मई को जालोरी गार्डन में होगा। जिसमें धार्मिक कार्यक्रमों के साथ उद्धमि महिलाओं द्वारा अक्षय मेला भी लगाया जाएगा। वहीं महिषासुरमर्दिनी का नाट्य मंचन ब्राह्मण मातृ शक्तियों द्वारा किया जाएगा। साथ ही धर्म उपनिषद संस्कृति पर महिलाओं द्वारा विचार व्यक्त किए जाएंगे। बच्चों के लिए नाट्य, संगीत में गायन ,नृत्य, वादन, फैंसी ड्रेस, चित्रकला प्रतियोगिता होगी। इस आयोजन को सफल बनाने की अपील की गई है।

## कंट्रोल रूम 24 घंटे चालू रहेगा वोटिंग में रुकावट तो दें सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदाताओं को निर्वाचन संबंधी कार्यों में किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। वहीं उन्हें अविलंब जानकारियां प्राप्त करने व सूचनाओं देने के लिए जिला मुख्यालय के साथ-साथ हरेक विधानसभा स्तर पर एक-एक कंट्रोल रूम संचालित किया जा रहा है, जो 24 घंटे क्रियाशील रहेंगे। इसके अलावा जिला कॉल सेंटर टोल फ्री नंबर 1950 पर भी चुनाव संबंधी तमाम जानकारियों के लिए संपर्क किया जा सकता है।

विदिशा जिला मुख्यालय पर संचालित कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07592 230 288 है। विदिशा विधानसभा का 07592-299030 है। बासौदा विधानसभा का 07594-221010है। कुरवाई विधानसभा का 07593 -299108 है। सिरोंज विधानसभा का 07591-253621है। शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र में संचालित कंट्रोल रूम का नम्बर 07595-259110 है।

## खबर संक्षेप

### अभाविप की भारत रथ यात्रा का समापन

**गंजबासौदा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय मंत्री शालिनी वर्मा की 19 दिवसीय विकसित भारत रथ यात्रा का विदिशा में समापन हो गया। अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री शालिनी वर्मा ने बताया कि यह विकसित भारत रथ यात्रा 17 अप्रैल को शुरू हुई थी जो गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, हासुआ, अहमदपुर, सलामतपुर, विदिशा जिले के साथ साथ रायसेन, गैरतगंज, बेगमगंज, सिलवानी, मंडीदीप, अब्दुल्लागंज होते हुए पुनः विदिशा पहुंची। जहां यात्रा समापन हुआ। इस यात्रा के माध्यम से अभाविप के कार्यकर्ताओं ने चौक चौराहे, परिसर, गांव तक जाकर पत्रक भेंट किए और शत प्रतिशत मतदान हेतु आग्रह किया। यात्रा के अंतिम दिन शालिनी वर्मा ने कहा कि यदि देश की संस्कृति, राष्ट्र सुरक्षा, महिला सम्मान की बात करना उनके लिए लड़ना Dictatorship है तो हां हम Dictatorship करने वाले लोग है। यदि भारत में लव जिहाद जैसे मुद्दे पर स्पष्ट बात करना Dictatorship है तो हां हम Dictatorship करने वाले लोग है। विदेश में बैठकर भारत की प्रगति से जलने वाले यूट्यूबर को भारत के प्रत्येक युवा का केवल एक ही जवाब है-बढ़ता समृद्ध- विकसित भारत में देश का प्रत्येक युवा जयतु भारत के साथ। आज आवश्यक है कि हम नोटा का प्रयोग न करें और शत प्रतिशत मतदान राष्ट्रहित, विकसित और समृद्ध भारत के लिए मतदान करें। इस यात्रा में अभाविप के विभाग संजोयक विवेक विश्वकर्मा, जिला संयोजक शुभम ठाकुर, प्रांत एसएमएस सह संयोजक वंदना, नगर मंत्री प्रबल शर्मा आदि कार्यकर्ता 19 दिन मतदान करने की अपील करते रहे।

### शस्त्र लाइसेंस निरस्त

**गंजबासौदा।** पुलिस प्रशासन द्वारा कलेक्टर को प्रतिवेदित किया गया कि शस्त्र लाइसेंसी नरेश शर्मा निवासी वार्ड क्रमांक 7 बरेठ रोड के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के प्रकरण पंजीबद्ध है। अनुज्ञप्तिधारी द्वारा भाल बामौरा स्थित शराब दुकान पर खुलेआम फायर किये गये थे। उनके नाम से जारी शस्त्र अनुज्ञप्ति को निरस्त करने की अनुशंसा की गई। पुलिस अधीक्षक विदिशा के प्रतिवेदन के अवलोकन उपरांत नरेश शर्मा के 315 बोर राइफल लाइसेंस को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर शस्त्र को तत्काल सिटी थाना में जमा कराने आदेशित किया।

### गर्मी से बढ़ी स्वास्थ्य की समस्याएं

**गंजबासौदा।** नगर में गर्मी बढ़ने के साथ ही लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी भी बढ गई है। भीषण गर्मी में डिहाइड्रेशन के चलते उल्टी दस्त से पीड़ितों की संख्या भी बढ़ गई है।

### मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करें: आईजी

**सागर।** सागर जोन के पुलिस महानिरीक्षक प्रमोद वर्मा ने जिले के मतदाताओं से 7 मई को मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने का आव्हान किया है। उन्होंने कहा लोकतंत्र के पर्व में अपनी सहभागिता से हमें देश के विकास में भी अपना योगदान करना चाहिए।

## कर रहे गर्मी से बचने के जतन...



गंजबासौदा। अचानक मौसम में आए बदलाव से इलाके में अब गर्मी काफी तेज पड़ने लगी है और लोग अब घरों से जब बाहर निकलते हैं, तो तौलिया, गमछा आदि चीजों से सिर ढककर या टोपी लगाकर निकलने लगे हैं। जिससे गर्मी और लू के प्रकोप से बचा जा सके। छाया : राजा छारी

## सुदामा गरीब नहीं सबसे बड़े धनवान थे: पंडित विकास एलिया



**गंजबासौदा।** सिरोंज चौराहा रजोदा रोड स्थित नागेश्वर पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में हो रही श्रीमद् भागवत कथा के सप्तम दिवस पर आचार्य पंडित विकास एलिया ने कहा सुदामा गरीब नहीं थे, निर्धन नहीं थे सबसे बड़े धनवान थे। उनके पास प्रभु नाम का धन था और जिसके पास भगवान नाम का धन होता है भगवान नाम होता है उसके पास तो त्रिलोक की संपदा होती है। कहने का अभिप्राय नश्वर जीव अपने जीवन को खराब कर रहा है। कोई मदिरा पी रहा है, कोई तंबाकू खा रहा है, कोई किसी चीज का नशा कर रहा है, कोई किसी चीज का नशा कर रहा है। यदि नशा करना है तो भगवान नाम का करें, भगवान नाम का नशा हमें बैकुंठ देने वाला है। मदिरा नाम का नशा हमारे लिए नाली का रास्ता नाले का रास्ता दिखाने वाला है। हमें हमारी सोच को अच्छा बनाना होगा हमारे विचारों को श्रेष्ठ बनाना होगा तब जाकर के हम जीवन में कुछ अच्छा कर पाएंगे। कुछ अच्छा बन पाएंगे। कथा में प्रीति राजकुमार सक्सेना, कल्पना राजेश सक्सेना, सुनीता विजय अरोरा, सरीना राजेश राय माथुर सहित बड़ी संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

### शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बनाया है स्ट्रांग रूम

# मतदान सामग्री पहुंची केंद्रों पर, आज मतदाता अपने क्षेत्र के लिए चुनेंगे अपना नया प्रतिनिधि


हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा













मंगलवार 7 मई को लोकसभा चुनावों के लिए मतदान संपन्न होने जा रहा है। इस चुनाव को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित संपन्न कराने के लिए स्थानीय निर्वाचन अधिकारियों ने अपनी ओर से तैयारियां पूरी कर ली हैं। सोमवार को मतदान दलों को स्ट्रांग रूम से सामग्री देकर मतदान केन्द्रों की ओर रवाना किया गया।

यहां उल्लेखनीय है कि गंजबासौदा विधानसभा में विदिशा रायसेन संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत 7 मई को मतदान होना है। इसके लिए स्थानीय एसजीएस कालेज को स्ट्रांग रूम बनाया गया है। जहां से सोमवार को मतदान दलों को सुबह 7 बजे से सामग्री का वितरण किया गया। मतदान सामग्री वितरण के लिए आसपास के 100 मीटर के दायरे में सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इसके अलावा मतदान दल में शामिल कर्मचारियों को निर्वाचन से जुड़ी हुई सामग्री लेने के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए मतदान केन्द्र की टेबिल और दोनों तरफ कुर्सियां लगाई गई थीं। ताकि मतदान दल के सदस्य सामग्री का सुविधाजनक ढंग से मिलान कर सकें। सहायक रिटर्निंग ऑफीसर एवं एसडीएम विजय राय ने बताया कि मतदान दल के अधिकारी कर्मचारियों को सामग्री प्राप्ति के बाद नियत समय में मतदान केन्द्र तक पहुंचने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

गंजबासौदा ग्यारसपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 145 में मतदान केन्द्र पर मत कर्मियों को लाने ले जाने के लिए वाहनों की व्यवस्था रिजर्व रखी है। 25 दल रिजर्व में रखे गए हैं। मतदान केंद्रो से संपर्क और मतदान के दौरान नजर रखने के लिए 30 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। जो मतदान के दौरान लगातार केंद्रों पर नजर रखेंगे। मतदान प्रारंभ करने के डेढ़ घंटे पहले ईवीएम से माकपोल मतदान कराना होगा। मतदाताओं को मतदान केन्द्र में उत्सव जैसे महौल का अनुभव हो। इसके लिए भी बासौदा विधानसभा में 20 आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए हैं जो चुनाव में आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। इन मतदान केन्द्रों पर विशेष साज सज्जा कराकर अन्य सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। इन केन्द्रों में मतदान करने वाले मतदाताओं को कुर्सी, बेंच की व्यवस्था के अतिरिक्त पीने के पानी और छाया की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा एक दिव्यांग केन्द्र भी बनाया गया है। लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए बनाए गए मतदान केन्द्रों की 100 मीटर की परिधि में मोबाइल फोन पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा।

मतदान केन्द्र पर मौजूद सुरक्षा कर्मी इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखेंगे कि मतदाता मतदान केन्द्र पर जाते समय मोबाइल फोन साथ न ले जाएं। केवल प्रेक्षक ,सहायक रिटर्निंग सुरक्षा में तैनात अधिकारियों को ही मोबाइल फोन की अनुमति है। गंज बासौदा विधानसभा में 262 मतदान केन्द्रों पर 2 लाख 13 हजार 894 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। इसके लिए अलग-अलग मतदान केन्द्रों पर मतदान कर्मियों, सेक्टर आफीसरों की नियुक्ति की गई है। इनमें से कुछ मतदान केन्द्रों की वेबकास्टिंग भी रहेगी। जहां पर सीसीटीव्ही कैमरे भी लगाए गए हैं। विधानसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान के लिए छोटे, बड़े 155 वाहनों का उपयोग किया गया है। इनमें 50 बसें शामिल हैं। जिससे पोलिंग पार्टियों को अपने-अपने केंद्रों तक पहुंचाया गया।मतदान खत्म होने के बाद दलों को सामग्री जमा करने के लिए ये वाहन ले जाएंगे। प्रत्येक मतदान दल में मतदान अधिकारी सहित चार कर्मचारी होंगे। इस प्रकार चुनाव के लिए 288 मतदान पार्टी तैयार की गई है मतदान केंद्र क्रमांक 45 शहरी क्षेत्र में ऐसा है। जिसमें मतदाताओं की संख्या 1500 है। इसलिए इस केंद्र को दो हिस्सों में बांटा गया है। केंद्र पर चुनाव अधिकारी चार, चार कर्मचारी दल में तैनात किए गए हैं। लोक सभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हों इसके लिए शाम को एसडीएम विजय राय, एसडीओपी मनोज मिश्रा, तहसीलदार संदीप जायसवाल ने मतदान केन्द्र पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और फ्लैग मार्च निकाला।



### मंसूरवावरी बांध की नहर विस्तार परियोजना का मामला, एसडीएम को ज्ञापन

# 10 माह से नहर निर्माण कार्य बंद, किसानों में आक्रोश, 10 मई से करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवरीकलाँ

देवरी विकासखण्ड के मंसूरबाबरी जलाशय की बांयी तट नहर विस्तार परियोजना का काम विगत 10 माह से लगातार बंद होने के कारण किसानों में आक्रोश है। मामले में निर्माण ठेकाकंपनी पर अनियमिताओं एवं कार्य में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए किसानों ने एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में विभाग की सतत उपेक्षा से नाराज कृषकों ने अल्टीमेटम देते हुए आगामी 10 मई से डोंगरसलैया ग्राम में हड़ताल आरंभ करने की बात कही है। वही मामले में किसानों की हड़ताल की चेतावनी के बाद अचानक सामने आये कार्यपालन यंत्री कार्यालय के पत्र में विभागीय यंत्रियों से ठेका कंपनी को ड्राइंग के अनुरूप ले आउट देकर कार्य आरंभ कराये जाने की बात कही गई है। योजना के लाभान्वित लगभग 9 ग्रामों के कृषकों ने विगत शुक्रवार को एसडीएम देवरी कार्यालय में दिये ज्ञापन में बताया गया कि विकासखण्ड के जल आभाव से जूझ रहे ग्राम गोरखपुर, कटंगी, सेमराखेरी, सिलारी, पुरैना करन, खमरिया, बिछुआ भवतरा, डोंगरसलैया एवं समनापुर सेठ के किसानों के खेतों को पानी उपलब्ध कराने के लिए जल संसाधन विभाग द्वारा 1064 लाख रूपये की लागत से



मंसूरबाबरी जलाशय की बायी नहर के विस्तार की योजना बनाई गई थी। जिसका कार्य ठेका कंपनी कौशल प्रसाद पटैल को सौपा गया था। योजना अंतर्गत कराये गये कार्य में भूअर्जन एवं लगभग 18.5 किलोमीटर में नहरों की खुदाई के बाद ठेकेदार द्वारा रूचि न लेने एवं विभाग की लापरवाही के कारण कार्य विगत 10 माह से बंद है जिसके कारण किसान परेशान है। ज्ञापन में कहा गया कि रवि सीजन की फसल के बाद खेत खाली होने के कारण नहर निर्माण कार्य कराये जाने का उचित समय है परंतु विभाग एवं ठेका कंपनी मामले में पड़यंत्र रचकर योजना की करोड़ों रूपये राशि अपने हितार्थ मनमाफिक प्रस्ताव पर खर्च करने की योजना बना रहे है। जिससे शासन एवं योजना के लाभान्वित कृषकों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। ज्ञापन में कहा गया कि यदि विभाग द्वारा 7 दिनों योजना का कार्य आरंभ नही कराया गया तो समस्त 9 ग्रामों के कृषक आगामी 10 मई से डोंगरसलैया ग्राम में अनिश्चतकालीन हड़ताल आरंभ कर देंगे।

### किसानों की चेतावनी के बाद सामने आया विभागीय पत्र

विगत 10 माह से नहर निर्माण कार्य बंद होने को लेकर नाराज किसानों के हड़ताल की चेतावनी दिये जाने के बाद अचानक एक विभागीय पत्र सामने आया है। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग सागर क्रमांक 1 द्वारा विगत 26 अप्रेल को जारी पत्र में विभाग के देवरी अनुविभागीय अधिकारी को नहर विस्तार परियोजना अंतर्गत नहर खुदाई का ले आउट एवं स्ट्रक्चरों की अनुमोदित ड्राइंग का ले आउट ठेका कंपनी को उपलब्ध कराये जाने को निर्देशित किया गया है। पत्र में बताया गया है कि योजना में डीपीआर में शामिल 9 ग्रामों में सिंचाई के लिए किसानों को पानी उपलब्ध कराया जाना है। उक्त संबंध में एसडीओ जल संसाधन द्वारा संबंधित विभागीय इंजीनियरों को ठेका कंपनी को ड्राइंग दिए जाने का निर्देश जारी किया गया है।

# अब पेड़, पौधों को गर्मी से बचाने नगर पालिका करा रही सिंचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इन दिनों इलाके भर में गर्मी के तीखे तेवर दिखाई देने लगे और ऐसे में पेड़, पौधों को भी पानी की बहुत जरूरत होती है। जिनसे हरियाली बनी रहती है। पेड़, पौधों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका द्वारा समय-समय पर टेंकरों की मदद से पौधों में पानी की सिंचाई की जा रही है। जिससे पेड़, पौधों को गर्मी से बचाया जा सके।



### भुगतान में देरी पर किसानों ने किया हंगामा

**गंजबासौदा।** गत दिवस कृषि उपज मंडी में उपज के भुगतान में देरी के कारण किसानों को काफी परेशान होना पडा। ऐसे में परेशान किसानों ने फर्म के बाहर हंगामा शुरू कर दिया। बाद में मंडी प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर किसानों को समझाइश देकर मामला शांत कराया। बताया जाता है कि मंडी में सुबह उपज विक्रय करने वाले किसानों को एक फर्म से दोपहर बाद तक भुगतान नहीं मिला था। जिस पर किसान हंगामा करने लगे। बाद में मंडी प्रशासन के अधिकारी कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर किसानों को समझाइश दी और व्यापारी से किसानों की उपज का भुगतान कराया। तब जाकर मामला शांत हुआ।



## पिंक मतदान केंद्रों पर महिलाओं के हाथों में कमान तो अन्य केंद्र पर कर्मचारी पूरी तैयारी के साथ मुस्तैद

# 254 मतदान केंद्रों के पर आज डाले जाएंगे वोट









हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

सागर संसदीय क्षेत्र की सिरोंज विधानसभा में मंगलवार को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर सोमवार को लटेरी रोड स्थित शासकीय पॉलिटेकनिक कॉलेज में मतदान सामग्री का वितरण किया गया। सिरोंज विधानसभा क्षेत्र में चुनाव सम्पन्न कराने के लिए बनाए गए 254 मतदान केन्द्रों के मतदान दल चुनाव सामग्री के साथ केन्द्रों के लिए रवाना हुए। इस दौरान ईवीएम मशीन के अलावा सीलिंग के लिए लाख, सहित अन्य सामग्रियां दी गई। इसके बाद दोपहर करीब 12 बजे तक सभी मतदान दल केंद्रों के लिए रवाना हुए। सभी मतदान दलो को अधिग्रहण वाहनों के माध्यम से मतदान केंद्रों पर छोड़ा गया। सामग्री वितरण को लेकर सोमवार की सुबह से ही शासकीय पॉलिटकैनिक कॉलेज में खासा माहौल देखने को मिला। सुबह 6 बजें से ही मतदान दलों का पॉलिटैकनिक कॉलेज आना प्रारंभ हो गया था। वही करीब 9 बजे सामग्रियों का वितरण शुरू हुआ। इसके लिए कॉलेज में अलग-अलग केंद्रों के हिसाब से काउंटर बनाए गए। मतदान के लिए इस बार पीठासीन अधिकारी के अलावा एक,दो,तीन मतदान सहायकों को पदस्थ किया गया है। इस प्रकार एक मतदान दल में चार से पांच सदस्य शामिल किए गए हैं। सामग्री वितरण के दौरान पूरे समय निर्वाचन अधिकारी एसडीएम हर्षल चौधरी,तहसीलदार संजय चौरसिया सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें।

### बच्चो को गोद में लेकर मतदान सामग्री लेने पहुची महिला कर्मचारी

लोकसभा चुनाव को लेकर जिन महिला कर्मचारियों की चुनाव में डयूटी लगाई गई वह महिला कर्मचारी मतदान सामग्री लेने के लिए अपने साथ अपने नन्ने मुन्ने बच्चों को गोद में लेकर पहुंची। वही जब हरिभूमि ने उन महिला कर्मचारियों से बच्चों को मतदान सामग्री लेने के लिए अपने साथ लाने का कारण पूछा तो महिला कर्मचारियों ने बताया कि हमारे पति भी शासकीय कर्मचारी हैं और उनकी भी चुनाव में डयूटी लगी है जिस कारण हम हमारे बच्चों को अपने साथ लेकर आए हैं वही जब महिलाओं से पूछा गया कि मतदान केन्द्र पर भी आप अपने बच्चों को साथ लेकर जाएंगी। जिस पर महिला कर्मचारियों ने कहा कि हां अभी तो हम अपने बच्चों को साथ लेकर ही मतदान केन्द्र पर पहुंचेंगे यदि मतदान केन्द्र पर कोई और अन्य व्यवस्था होगी तो हम देखेंगे। हम अपने बच्चों को अकेला घर पर कैसे छोड़ सकते है। वही कुछ महिलाओं ने कहा कि हम अपने परिवार से दूर रहकर नौकरी कर रहें है और चुनाव में डयूटी लगी होने के कारण हम अपने बच्चें को किस के पास छोडकर आए। बच्चे ज्यादा समय तक किसी के पास नही रह पाते यदि दो तीन घण्टें की बात होती तो हम छोड़ भी सकते थें। लेकिन समय की कोई गारंटी नही है इसलिए हमें अपने साथ अपने बच्चें को लेकर जाना पडेंगा।



### बीमारियों का बहाने लेकर छुट्टी लेने के लिए निर्वाचन अधिकारी के पास पहुंचे कर्मचारी

शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में मतदान सामग्री वितरण के दौरान ऐसे कई कर्मचारी देखे गए जो कि छुट्टी लेने के लिए निर्वाचन अधिकारी एसडीएम हर्षल चौधरी के पास पहुचें। लेकिन निर्वाचन अधिकारी ने उन्हें मतदान के समय किसी प्रकार की कोई छुट्टी देने से मना कर दिया। जिस पर कर्मचारी उदास हो गए और वापस अपने कक्ष में आकर बैठ गए। वही हरिभूमि ने जब उक्त कर्मचारियो से चर्चा की तो कुछ कर्मचारियों ने बताया कि हमारी तबियत पिछले दो दिन से खराब है और हाथ पैरो में दर्द हो रहा है। उसी का आवेदन देने के लिए में निर्वाचन अधिकारी के पास गए लेकिन सर में हमारा आवेदन नही लिया।

### पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगा केंद्रों पर मतदान

इधर मतदान दलों को पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। साथ ही प्रत्येक टीम के साथ पुलिस कर्मी भेजे गए हैं। दलो को अधिग्रहण बसों के माध्यम से मतदान के लिए बनाए गए 254 केंद्रों तक पहुंचा गया। वही सूत्रो से मिली जानकारी अनुसार दोपहर करीब ढाई बजे तक सभी दल मतदान केंद्रों तक पहुंच गए। उनके द्वारा शाम करीब पांच बजे तक निर्वाचन से जुड़ी सारी तैयारियां की गई। निर्वाचन अधिकारी एसडीएम हर्षल चौधरी ने बताया कि चुनाव को लेकर मतदान दलों को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो और मतदान शांतिपूर्ण हो इसके लिए हमनें पहले से ही सभी तैयारियों पूरी कर ली थी। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ मतदान होंगे। मतदान केंद्रों में दलों को कोई असुविधा न हो इसके लिए टेबल कुर्सी से लेकर अन्य जरूरी व्यवस्थाएं केंद्रों पर की गई। इसके अलावा सिरोंज के वार्डों के मतदान केंद्रों पर सारी तैयारियां पूरी पहले ही कर ली गई थी।





### सुबह 7 से शाम 6 बजे तक डाले जाएंगे वोट, सुरक्षा व्यवस्था रहेगी

सागर संसदीय क्षेत्र की सिरोंज विधानसभा क्षेत्र के 2 लाख 24 हजार 90 मतदाता सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान करेंगे। मतदान सम्पन्न होने के बाद सभी मतदान दल ईवीएम जमा करने के लिए पहुंचेंगे। वही प्रशासन द्वारा मतदान दलों के वाहनों की पार्किंग की लिए जगह चिन्हित की गई है।

### चुनाव सामग्री वितरण के बाद एसडीएम ने ली राहत की सांस

लोकसभा चुनाव के लिए मतदान सामग्री के साथ पुलिस व्यवस्था के बीच सभी मतदान दलों को अपने अपने मतदान केन्द्रो की ओर रवाना किया गया। सामग्री वितरण करने के लिए एसडीएम हर्षल चौधरी,तहसीलदार संजय चौरसिया पूरी रात शासकीय पॉलिटेनिक कॉलेज में रूकें और सुबह 7 बजें से मतदान सामग्री वितरण कर मतदान केन्द्रो के लिए दलो को रवाना करने के बाद अधिकारियो ने राहत की सांस ली।

### पिंक मतदान केंद्रों पर पहुचकर तैयारियों में जुटीं महिलाएं

लोकसभा चुनाव 2024 के मतदान के लिए सागर संसदीय क्षेत्र के सिरोंज विधानसभा क्षेत्र के सिरोंज शहर में 15 व लटेरी शहर में 10 पिंक मतदान केन्द्र बनाए गए है जहां पर सभी महिला कर्मचारी मौजूद रहेंगी। इन सभी पिंक मतदान केन्द्रो को आकर्षित रूप से सजाया गया है। साथ ही इन केन्द्रो पर विशेष इंतजाम भी किए गए। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से चुनाव संपन्न कराने के लिए 26 सेक्टर में 254 मतदान केन्द्रो को विभाजित किया गया है। नगर के लटेरी रोड स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज से मतदान साग्रगी प्राप्त करने के बाद भी महिला कर्मचारी अपनी ड्रेस में अपने अपने पिंक मतदान केन्द्रो पर पहुची और चुनाव से संबधित जरूरी तैयारिया पूर्ण करने के जुट गई।

# भगवान परशुराम प्रकटोत्सव की तैयारियां शुरू, दिए जा रहे आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

भगवान महाविष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम के प्रगटोत्सव पर युवा ब्राम्हण महापरिषद द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 10 मई को भगवान परशुराम जी के विशेष पूजन के बाद शाम को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। रात्रि में श्रीराम लीला मैदान में धर्मसभा के साथ प्रतिभा सम्मान समारोह एवं प्रसादी भंडारे का आयोजन रखा गया है।

ब्राम्हण युवा महापरिषद द्वारा पिछले 17 वर्षो से शोभायात्रा निकाले जाने के साथ भगवान परशुराम जी का प्रगटोत्सव कार्यक्रम मनाया जाता है। 10 मई को भगवान परशुराम जी की भव्य झांकी के साथ विशाल शोभायात्रा निकाले जाने की तैयारियां चल रही है। जिसमें नगर ग्रामीण क्षेत्र के अलावा नर्मदा क्षैत्र उदयपुरा, देवरी, खरगौन, जामगढ़, बाडी सहित अन्य स्थानों के ब्राम्हणों को आमंत्रित किए जाने से कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। 10 मई को भगवान परशुराम जी के प्रगटोत्सव पर ब्राम्हण युवा महापरिषद द्वारा नगर में भव्य विशाल शोभायात्रा निकाले जाने के साथ धर्मसभा एवं प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रमों में क्षैत्र के संतो, महंतो, धर्माचार्यो के साथ संपूर्ण क्षेत्र से ब्राम्हणों की भारी उपस्थिति के लिए ब्राम्हण परिवारों के संपर्क और आमंत्रण पत्रों का वितरण किया जा रहा है। महापरिषद के पदाधिकारियों ने परशुराम जयंती कार्यक्रमों में धोती, कुर्ता या कुर्ता पजामा पहन कर सम्मिलित होने का आग्रह किया है।



### चोरी की 2 बाइक के साथ आरोपी धराया



**बरेली**। रामगोपाल उर्फ हल्के धानक उर्म 28 वर्ष को एक बाइक पर संदिग्ध हालत में घूमते हुए देखा तो पुलिस को शक होने पर पुलिस ने पूछताछ की। 20 दिनों पूर्व तहसील कार्यालय से बाइक चोरी कर लाया था। इससे पहले आरोपी ने नवीन टाकीज के पास से एक बाइक चोरी की थी। पुलिस ने आरोपी से चोरी की दोनों बाइक बरामद की गईं। नगर के विभिन्न स्थानों से पूर्व हमेशा बाइक चोरी हो रही थी। वाहन चोरी होने के बाद भी चोरी करने वालों का सुराग नहीं लग रहा था। अचानक शक होने पर जब बाइक पर घूम रहे रामगोपाल उर्फ हल्के धानक से पूछताछ की तो प्रकरण दर्ज कर दो बाइक और आरोपी हल्के धानक को गिरफ्तार किया।

# केंद्रों पर मतदान दलों का फूलमाला पहनाकर व तिलक लगाकर किया गया स्वागत, आज डाले जाएंगे वोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में शुक्रवार 7 मई को होने वाले मतदान के मद्देनजर आज सोमवार की सुबह शासकीय इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज से मतदान दलों को चाक-चौबंद वयवस्था और कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान सामग्री का वितरण किया गया। व्यवस्थायें इतनी बेहतर थीं कि तय कार्यक्रम के अनुसार सुबह लगभग 10 बजे से मतदान दलों की रवानगी भी प्रारंभ हो गई थी। दोपहर 12 बजे के पास के मतदान केंद्रों पर मतदान दलों का पहुंचना भी शुरू हो गया था और शाम होने तक सभी मतदान दल अपने मतदान केंद्र पहुँच चुके थे। कई मतदान केंद्रों पर मतदान दलों का फूलमाला पहनाकर और तिलक लगाकर स्वागत भी किया गया। मतदान सामग्री के साथ मतदान दलों को ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीन वितरित करने राजनैतिक दलों तथा उप पुलिस महानिरीक्षक सुनील जैन, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक आर्य, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम खोले गये।ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीनों को सुरक्षा बलों द्वारा सुरक्षित रखने एवं विधानसभावार बने स्ट्रांगरूम को खोले जाने के दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रुपेश उपाध्याय, अदिति यादव, सिटी मजिस्ट्रेट जूही गर्ग, डिप्टी कलेक्टर भव्या त्रिपाठी, गगन बिसेन, विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी भी उपस्थित थे।



### मॉडल स्कूल कराहल के अलावा किसी मॉडल स्कूल का नहीं रहा 100% रिजल्ट

# पढाई के भरपूर संसाधन, फिर भी बोर्ड परीक्षा में फिसड्डी रह गए मॉडल और उत्कृष्ट स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले में सीएम राइज, मॉडल और उत्कृष्ट स्कूल जैसे बड़े नामचीन सरकारी स्कूल संचालित हो रहे है। इन स्कूलों में अन्य सरकारी स्कूलों की तुलना में पढाई के लिए भरपूर संसाधन उपलब्ध है। लेकिन इसके बाद ये स्कूल बोर्ड परीक्षा परिणाम के दौरान फिसड्डी रह गए है। कराहल के मॉडल स्कूल को छोड़ दिया जाए तो कक्षा 12वीं में अन्य किसी मॉडल स्कूल या उत्कृष्ट स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत नहीं रहा है। कक्षा 10 वीं के रिजल्ट में भी इन स्कूलों की स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं है।

जिला मुख्यालय पर संचालित सीएम राइज स्कूल भी 10वीं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम नहीं दे पाया। जबकि जिले के कुछ सरकारी स्कूल ऐसे भी है,जिनमें सुविधाओं के अभाव के बाद भी उनका बोर्ड परीक्षा परिणाम अच्छा रहा है। बता दें कि जिला मुख्यालय श्योपुर सहित विजयपुर और कराहल में उत्कृष्ट स्कूल संचालित है। इन तीनों उत्कृष्ट स्कूलों के साथही जिले में तीन मॉडल स्कूल भी संचालित हो रहे है। जिनमें बच्चों की पढ़ाई के लिए शासन की ओर से पर्याप्त संसाधन शासन की ओर से उपलब्ध करा रखे है। वहीं शिक्षकों की पर्याप्त तैनाती भी की गई है।




### सीएम राइज का 10वीं का रिजल्ट 90 प्रतिशत से कम

श्योपुर जिला मुख्यालय पर संचालित सीएम राइज स्कूल में बच्चों की पढाई के लिए शासन की ओर से विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। इस स्कूल में टीचरों और प्राचार्य का चयन परीक्षा के आधार पर हुआ है। यहां श्रेष्ठ शिक्षकों का ही चयन हुआ है। सालभर केवल और केवल पढ़ाई ही कराई जाती है। इसके बाद भी सीएम राइज स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम बेहतर नहीं रहा, जो गंभीर विचारणीय बात है। बताया गया है कि सीएम राइज स्कूल श्योपुर का कक्षा 12 वीं का रिजल्ट जहां 93.22 प्रतिशत रहा है। वहीं कक्षा 10 वीं का रिजल्ट 88.71 प्रतिशत रहा है।

### इनका कहना

अभी पूरा ध्यान लोकसभा चुनाव पर है। चुनाव के बाद बोर्ड परीक्षा परिणाम की समीक्षा की जाएगी। इस दौरान यह भी देखा जाएगा कि सीएम राइज स्कूल सहित उत्कृष्ट स्कूलों के रिजल्ट में कमी कैसे आई। कमियों का पता लगाकर उसमें सुधार करवाया जाएगा।

आरएस तोमर
डीईओ,श्योपुर

# बापौली वाले गुरु की 26वीं पुण्यतिथि पर चल रही है वायु महापुराण कथा

अलग-अलग कल्प में आत्म कल्याण के अलग-अलग पुराणों में व्याख्या की गई है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

ब्रम्हलीन पू. बापौली वाले गुरुजी की 26वीं पुण्यतिथि पर बापौली धाम में शिव अभिषेक के साथ सात दिवसीय वायु महापुराण कथा का आयोजन चल रहा है। गुरूजी के परम शिष्य महामण्डलेश्वर ब्रम्हचारी महाराज के द्वारा वायु महापुराण कथा के विभिन्न कथा प्रसंगो के माध्यम से भगवत प्राप्ती, जीवन को सफल और धर्ममय बनाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की जा रही है।

ब्रम्हचारी ने वायु महापुराण कथा के महत्व के साथ भगवान को प्राप्त करने के विभिन्न मार्गो का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि भगवत भजन भी ईश्वर के पास जाने प्राप्त करने की प्रक्रिया है। ब्रम्हचारी ने कहा कि अलग-अलग कल्प में आत्म कल्याण के अलग-अलग पुराणों में व्याख्या की गई है। कहा कि हम परमात्मा के पास होते हुए भी दूर है, हम भगवान का भजन करें, भजन भी ईश्वर के पास जाने प्राप्त करने की प्रक्रिया है। कहा कि जिस दिन हम स्वंय को भगवान का मान लेंगे उसी दिन से हम भगवान को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ जाएगें, कहा कि भगवान और भक्त का संबंध माँ और पुत्र के समान होता है। सात दिवसीय आयोजन का समापन 9 मई को होगा।

## रायसेन जिले की तीनों विधानसभा के 7 लाख 59 हजार 302 मतदाता आज चुनेंगे अपना प्रत्याशी

# वोटिंग आजः 19 लाख 38 हजार मतदाता डालेंगे वोट, सुबह 7 से शुरू होगा मतदान

### विधानसभा वार मतदाताओं की संख्या

| | |
|---|---|
| 1938383 | विदिशा संसदीय क्षेत्र |
| 260639 | भोजपुर विधानसभा |
| 268723 | सांची विधानसभा |
| 229940 | सिलवानी विधानसभा |
| 227116 | विदिशा विधानसभा |
| 213191 | बासोदा विधानसभा |
| 275979 | बुधनी विधानसभा |
| 226355 | इछावर विधानसभा |
| 236400 | खातेगांव विधानसभा |

### मतदान सामग्री लेकर मतदान केंद्रों पर जाते हुए मतदान दल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में विदिशा-रायसेन सीट के अंतर्गत जिले की विधानसभा सांची, सिलवानी और भोजपुर के मतदान केन्द्रों पर आज मंगलवार 7 मई को मतदान होगा। सोमवार को मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरित कर बसों के माध्यम से अपने अपने मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया। सांची विधानसभा अंतर्गत मतदान सामग्री वितरण स्थल शहर के स्वामी विवेकानंद कॉलेज रायसेन में, भोजपुर विधानसभा अंतर्गत शासकीय वीर सावरकर कॉलेज औबेदुल्लागंज तथा सिलवानी अंतर्गत शासकीय आईटीआई बेगमगंज में मतदान दलों को मतदान सामग्री प्रदान कर केन्द्रों के लिए रवाना किया।

कलेक्टर अरविंद दुबे तथा एसपी विकास शहवाल द्वारा स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय पहुंचकर मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण कार्य का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ तथा सांची विधानसभा की सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती अंजू पवन भदौरिया भी उपस्थित रहीं। कलेक्टर ने सामग्री वितरण कक्षों में जाकर मतदान दलों से उन्हें आवंटित मतदान केन्द्र, मतदाताओं की संख्या, मतदान हेतु निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के बारे में संवाद कर सफलतापूर्वक मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु शुभकामनाएं दीं। इसके उपरांत कलेक्टर श्री दुबे तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा सिलवानी विधानसभा के मतदान सामग्री वितरण स्थल शासकीय आईटीआई भवन पहुंचकर मतदान सामग्री वितरण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने मतदान दलों से संवाद कर सफलतापूर्वक मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु शुभकामनाएं दीं।

### मतदान अवश्य करें, एक-एक मत लोकतंत्र की नींव को सशक्त बनाता है



*कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे ने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 18-विदिशा में शामिल जिले के विधानसभा क्षेत्र भोजपुर, सांची तथा सिलवानी के सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में अपनी सहभागिता निभाते हुए 07 मई को मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान करने का आव्हान किया है। कलेक्टर श्री दुबे ने सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि लोकतंत्र में एक-एक "मत" का महत्व होता है। आपका मत लोकतंत्र की नींव को सशक्त बनाता है। मतदान, लोकतंत्र में अपनी आस्था की अभिव्यक्ति है। इसलिये मतदान जरूर करें। कलेक्टर ने कहा कि जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों भोजपुर, सांची तथा सिलवानी में 07 मई को प्रातः 07 बजे से शाम 06 बजे तक मतदान होगा। मतदाता 07 मई को अपने मतदान केन्द्र पर पहुँचकर शत-प्रतिशत मतदान कर भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।*

*दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओं को कतार में न लगाना पड़े, इसके लिए उन्हे पहले मतदान करने की सुविधा दी जा रही है। ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत सभी मतदान केंद्रों पर छाया, शीतल पेयजल, बैठने के लिए कुर्सियां, शौचालय, हेल्प डेस्क सहित समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं।*

### मतदान कराने उत्साह के साथ मतदान केन्द्र के लिए रवाना हुए दल

*लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के तीसरे चरण में लोकसभा क्षेत्र 18-विदिशा में शामिल जिले की विधानसभा सांची, सिलवानी और भोजपुर के मतदान केन्द्रों पर मंगलवार 07 मई 2024 को मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु सोमवार को सामग्री वितरण स्थलों पर निर्वाचन सामग्री वितरण कर मतदान दलों को रवाना किया गया। मतदान दल मतदान सामग्री प्राप्त कर उत्साह और उमंग के साथ मतदान केन्द्रों के लिए रवाना हुए। सांची विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान सामग्री वितरण स्थल स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय रायसेन में मतदान सामग्री प्राप्त कर मतदानकर्मी पूनम भटेड़े अपनी दल के साथियों के साथ मतदान केन्द्र के लिए रवाना हुई। मतदानकर्मी पूनम भटेड़े ने बताया कि वह सलामतपुर में मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक में पदस्थ हैं। उनकी पहली बार मतदान दल में ड्यूटी लगी है तथा वह मतदान कराने के लिए बेहद उत्साहित हैं। मतदानकर्मी पूनम भटेड़े के साथ उनके दल में शामिल जुझार सिंह राजपूत, उत्कर्ष व्यास तथा इन्द्रा सक्सेना भी बस के माध्यम से उन्हें आवंटित मतदान केन्द्र के लिए रवाना हुए।*

### जिले की तीनों विधानसभाओं में कुल 759302 मतदाता

*संसदीय क्षेत्र 18-विदिशा में शामिल रायसेन जिले की तीनों विधानसभाओं भोजपुर, सांची तथा सिलवानी में कुल 759302 मतदाता हैं। इनमें 394483 पुरूष मतदाता, 364807 महिला मतदाता तथा 22 थर्ड जेण्डर मतदाता शामिल हैं। भोजपुर विधानसभा में कुल 260639 मतदाता हैं, जिनमें 135203 पुरूष मतदाता, 125423 महिला मतदाता और 13 अन्य मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार जेण्डर रेशो 928, इपी रेशो 68.08, पीडब्ल्यूडी मतदाता 3315, 18 से 19 वर्ष के 8402 मतदाता, 80 वर्ष से अधिक आयु के 3130 मतदाता और 109 सर्विस मतदाता हैं। सांची विधानसभा में कुल 268723 मतदाता हैं, जिनमें 139554 पुरूष मतदाता, 129172 महिला मतदाता और 07 अन्य मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार जेण्डर रेशो 926, इपी रेशो 64.54, पीडब्ल्यूडी मतदाता 2794, 18 से 19 वर्ष के 9835 मतदाता, 80 वर्ष से अधिक आयु के 3606 मतदाता और 182 सर्विस मतदाता हैं। सिलवानी विधानसभा में कुल 229940 मतदाता हैं, जिनमें 119726 पुरूष मतदाता, 110212 महिला मतदाता और 02 अन्य मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार जेण्डर रेशो 921, इपी रेशो 64.48, पीडब्ल्यूडी मतदाता 2015, 18 से 19 वर्ष के 9665 मतदाता, 80 वर्ष से अधिक आयु के 2914 मतदाता और 70 सर्विस मतदाता हैं।*


तीन विधानसभाओं में मतदान समाग्री वितरण स्थलों पर मतदान सामग्री वितरण के लिए समुचित व्यवस्था की गईं। मतदान दलों को ईवीएम तथा व्हीव्हीपेट मशीन वितरित करने हेतु प्रातःकाल राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम खोले गए। इसके उपरांत पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान सामग्री को क्रमवार मतदान सामग्री वितरण टेबिलों पर पहुंचाया गया। मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण हेतु प्रत्येक मतदान केंद्र के लिये एक-एक टेबल लगाई, ताकि मतदान कर्मी आराम से सामग्री प्राप्त कर सकें और इत्मीनान से उसका मिलान कर सकें। सहायता के लिये हेल्पडेस्क भी स्थापित की गई थी। सामग्री वितरण स्थल पर चिकित्सा दल भी सभी आवश्यक दवाओं के साथ उपस्थित रहे। मतदान सामग्री प्राप्त होने के उपरांत दलों को वाहनों से मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया। अनेक केन्द्रों पर दलों का फूलमाला पहनाकर तथा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

#### लोकतंत्र के महापर्व की पूर्णाहुति आज

## ईवीएम में बंद होगी प्रत्याशियों किस्मत

**सिलवानी।** लोकतंत्र के महायज्ञ की आज पूर्णाहुति होगी लोकसभा चुनाव के तृतीय चरण में विदिशा-रायसेन संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज ईवीएम में बंद होगा। चुनाव में भाजपा से 4 बार के मुख्यमंत्री व 5 बार सांसद रहे शिवराज सिंह चौहान का मुकाबला कांग्रेस के पूर्व सांसद प्रतापभनु शर्मा से है। आठ विधानसभा क्षेत्र वाले इस लोकसभा क्षेत्र में कुल 19,38,383 मतदाता अपने जनप्रतिनिधि को चुनने के लिए मतदान करेंगे। इसके लिए चुनाव आयोग ने तैयारी पूर्ण कर ली है। पिछले बार इस लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के रमाकांत भार्गव ने लगभग 5 लाख से अधिक मतो मतों से विजय श्री हासिल की थी। लेकिन इस बार परिस्थितियों अलग है मतदान का प्रतिशत पूर्ण करवाना जिला प्रशासन के लिए चुनौती बन गया है।





■ भाजपा शिवराज सिंह चौहान तथा कांग्रेस के प्रतापभानु शर्मा के बीच है मुकाबला

लोकसभा में अपना जन प्रतिनिधि चुनने के लिए आज 7 मई को मतदान होगा। इस संसदीय क्षेत्र में आठ विधानसभा क्षेत्र शामिल है इन आठों विधानसभा क्षेत्र में 19,38,383 मतदाता मतदान करेंगे। जिसमें पुरुष मतदाता 10,04,254 तथा महिला मतदाता 9,34,66 शामिल है। अभी तक इस संसदीय क्षेत्र की 8 विधानसभा क्षेत्र में से 7 पर भाजपा का कब्जा है। मात्र एक विधानसभा सिलवानी - बेगमगंज सीट कांग्रेस के कब्जे में हैं, मतदान शांतिपूर्ण ढंग से हो इसके लिए भी पुलिस की व्यवस्था चाक चौबंद है बाहर से विशेष पुलिस बल आया है जो मतदान केदो पर तैनात रहेगा। वहीं पुलिस के आधा अधिकार आला अधिकारी एसडीएम, एसडीओपी, टीआई, तहसीलदार भी सभी मतदान केंद्र पर जाकर व्यवस्थाओं पर नजर रखेंगे। कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से पूर्ण हो इसके लिए व्यवस्थाएं की गई है।

द्वितीय चरण के चुनाव संपन्न होने के बाद तो भाजपा ने मंत्रियो, विधायको व बरिष्ठ नेताओ की चुनव प्रचार में फौज उतार दी है। लेकिन कांग्रेस के किसी भी वरिष्ठ व कनिष्ठ नेता ने क्षेत्र में दस्तक नही दी। मात्र प्रत्याषी प्रतापभानु शर्मा व कांग्रेस विधायक देवेंद्र पटेल ही प्रचार का मोर्चा संभाले रहे। भाजपा जीत को लेकर पूर्णतः आषांवित है बल्कि जीत के मतो को बढ़ाने को ललायित दिख रही है। 4 जून को मतगणना के बाद ही तस्वीर सामने होगा कि किसकी एतिहासिक जीत हुई व कौन कितने मतो से परास्त हुआ, कुल मिला कर चुनाव के प्रत्येक क्षेत्र में भाजपा अपनी प्रतिद्वंदी कांग्रेस से बढ़त बनाए रही।


#### फिलिपींस-श्रीलंका की 11 सदस्य टीम

## जिले के दीवानगंज में बूथ क्रमांक 18-19 पर पहुंचेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

रायसेन जिले के दीवानगंज में बनाए बूथ क्रमांक 18, 19 पर लोकसभा निर्वाचन के तीसरे चरण की संपूर्ण प्रक्रियाओं का अवलोकन व अध्ययन करने फिलीपीन्स और श्रीलंका का 11 सदस्यीय लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से अवगत कराया जाएगा।

इसके लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दीवानगंज में पूरी तैयारी कर ली गई है। स्कूल को सांची स्तूप के चित्र के होर्डिंग जगह-जगह लगाए गए हैं। कई जगह स्वागत द्वारा भी लगाए गए हैं जिन पर सांची के चित्र अंकित है। सोमवार शाम को तैयारी का जायजा



लेने के लिए जिला पंचायत सीईओ तथा सांची विधानसभा की सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती अंजू पवन भदोरिया, सांची सीईओ श्रीमती बंदू सूर्यवंशी आदि दीवानगंज स्कूल पहुंची, जहां पर उन्होंने तैयारियों को देखा तथा कमी दिखाई देने पर उसको शीघ्र से शीघ्र दुरुस्त करने का आदेश दिया।

## 10 दिन के अंदर तीन बेजुबान जानवरों पर तेंदुआ ने किया हमला, 2 की मौत 1 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले नरखेड़ा गांव के पहाड़ पर लगातार तेंदुआ दिखने से गांव के लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। नरखेडा, कुलहड़िया गांव के लोग दहशत में हैं। तेंदुआ ने 10 दिन के अंदर तीसरी बार बेजुबान जानवर को अपना शिकार बनाया है।

शनिवार-रविवार रात को तेंदुआ ने घर की सार में बंधे गाय के बछड़े पर हमला कर दिया, जिससे बछड़े की मौत हो गई। नरखेड़ा निवासी गणेशाराम ने बताया कि मेरा घर पहाड़ से लगकर बना है। शाम को मैंने एक गाय और दो बछड़े घर के पीछे सार में बांधे थे। सुबह उठकर देखा तो डेढ़ माह के गाय के बछड़ा सार के पीछे मरा हुआ पड़ा था। बछड़े के पिछले हिस्से को तेंदुआ पूरी तरह खा चुका था, जिससे बछड़े की मौत हो गई।

कुछ महीने पहले भी तेंदुआ ने एक बछड़े पर हमला किया था जिसे हमने इलाज कराकर उसको ठीक किया था। आज फिर तेंदुआ ने हमला कर एक बछड़े को मार दिया है। चार दिन पहले ही नरखेडा चौकीदार चिरौंजी



लाल के बछड़े पर तेंदुआ ने हमला कर खा लिया था। कूल्हाड़िया गांव में भी तेंदुआ ने जहुर खान के बकरी के बच्चे पर हमला किया था। 3 महीने से लगातार दीवानगंज, कयामपुर, अंबाडी नरखेडा कुल्हाड़िया कयामपुर में कई लोगों के पशुओं का शिकार कर चुका है।

ग्रामीण धनीराम लोधी, कमल सिंह, बृजमोहन, ओमप्रकाश लोधी, भारत सिंह का कहना है कि 3 महीने से लगातार तेंदुआ हमारे जानवरों का शिकार कर रहा है। वन विभाग के कर्मचारी तेंदुए का रेस्क्यू नहीं कर रहे हैं।

#### इनका कहना है

*कुछ दिनों से लगातार तेंदुआ नर खेड़ा और कुल्हाड़िया गांव के आसपास दिख रहा है जो बेजुबान जानवरों को अपना शिकार बना रहा है। वन कर्मचारियों को तेंदुआ का रेस्क्यू करना चाहिए। हमने कई बार वन विभाग के कर्मचारियों से तेंदुए के विषय में शिकायत कि मगर बंद कर्मचारी हमारी शिकायत कि तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं। नरखेडा गांव में तेंदुआ ने लगभग 15 बेजुबान जानवरों को अभी मार डाला। मगर मुआवजा अभी तक किसी को नहीं मिला। किसी दिन तेंदुआ ग्रामीणों के ऊपर हमला कर देगा तब वन कर्मचारी तेंदुआ का रेस्क्यू करेंगे।*

*- रामदयाल लोधी, नरखेड़ा सरपंच*

#### रो-रो कर परिजनों का हुआ बुरा हाल

## बस ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम दीवानगंज जमुनिया खेड़ा का रहने वाला युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई, जिससे पूरे परिवार रो रो कर बुरा हल है।



जानकारी के अनुसार भोपाल विदिशा हाईवे 18 सुखी सेवनिया पर स्थित शराब की दुकान के पास बस ने बाइक सवार मोनू पिता भगवान सिंह अहिरवार उम्र 22 वर्ष निवासी जमुनियाखेड़ा को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मोनू अहिरवार की मौत हो गई। मोनू जमुनिया खेजड़ा पर स्थित पाइप बनाने वाली फैक्ट्री में 2 साल से काम कर रहा था। नाइट ड्यूटी के लिए शनिवार को फैक्ट्री जाने निकला था शनिवार शाम करीब 7 बजे सुखी सेवनिया इलाके में रहने वाले बड़े भाई के घर पहुंचा। वहां से फैक्ट्री जाने के लिए निकला था जैसे ही सुखी सेवनिया स्थित कलारी के समीप पहुंचा तो विदिशा से आ रही यात्री बस ने मोनू की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मोनू गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया जहा से हमीदिया अस्पताल जाने की सलाह दी गई। हमीदिया में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## विद्यार्थियों के रचनात्मक, कलात्मक व सृजनात्मक विकास के लिए ऐसे शिविर की आवश्कताः जैन

### भैया बहिन कम्प्यूटर, मेहंदी, रंगोली, चित्रकला, आर्ट एंड क्राफ्ट में होगे पारंगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सरस्वती नगर सिलवानी में सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान की योजना अनुसार ग्रीष्मकालीन व्यक्तित्व विकास शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व वंदना कर किया गया।

■ शिशु मंदिर में हुआ ग्रीष्म कालीन व्यक्तित्व विकास शिविर का शुभारंभ

प्राचार्य मयंक लाहौरी द्वारा ने बताया कि 15 दिवसीय इस शिविर में प्रारंभिक कम्प्यूटर शिक्षा को अनिवार्य विषय में शामिल किया है एवं वैकल्पिक विषय के रूप में भैया बहिन



मेहंदी, रंगोली, चित्रकला, आर्ट एंड क्राफ्ट, नृत्य आदि में से किसी एक विषय का चयन कर सकते है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित समाजसेवी मोनिका जैन दीदी ने संबोधित करते हुए कहा कि यह शिविर भैया बहिनों के बौद्धिक, मानसिक विकास हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा, विद्यार्थियों के रचनात्मक, कलात्मक, सृजनात्मक विकास हेतु यह आवश्यक है कि उन्हें इन विषयों से जोड़ा जाए।

वीर शिवाजी शिक्षण समिति के अध्यक्ष अरुण जैन ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु शिशु मंदिर हमेशा कार्य करता है इसी क्रम यह ग्रीष्मकालीन व्यक्तिव विकास शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का आभार विद्यालय की वरिष्ठ दीदी एवं कार्यक्रम की संयोजक सुशीला सराठे द्वारा किया गया।

### नगर में सेन समाज के आदर्श संत शिरोमणि सेनजी महाराज का जन्मोत्सव मनाया गया

**बाड़ी।** सेन समाज के आदर्श संत शिरोमणि सेन जी महाराज का जन्म महोत्सव सेन बंधुओ ने उनके विचार संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित कर उनके चित्र पर माला अर्पण किया। उक्त आयोजन मंगलवारा बाजार में समाज बंधुओ द्वारा आयोजित किया गया। यहां समाज के वरिष्ठ एवं युवा लोग शामिल हुए इस आयोजन में सेन जी महाराज के दिए आदर्शों पर विचारों की संगोष्ठी का आदान प्रदान किया गया। उनके चित्र पर फूल अर्पण कर उन्हें और उनके आदर्शों पर चलने की बात कही गई।


इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष रोहित उमरे, पूर्व अध्यक्ष हरिनारायण श्रीवास, गोविंद सराठे, मुन्नालाल उमरे, नर्मदा प्रसाद सराठे, रमेश सराठे, सहित भारी संख्या में समाज बंधु मौजूद थे।

## संकल्प, सत्य और आदर्श की प्रतिमूर्ति हैं भगवान परशुराम, निकलेगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी।

10 मई को महाप्रभु विप्र समाज की आत्मा आदर्श संकल्प दया की प्रतिमूर्ति भगवान परशुराम का प्रकट महोत्सव नगर बाड़ी में संत परंपरा के अनुसार मनाया जाता है। खाकी अखाड़ा मंदिर के महंत भगवान परशुराम का प्रकट महोत्सव सात दिवसीय मानते थे। बाड़ी बस स्टैंड दुर्गा चौक पर विप्र समाज की महा बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर एवं क्षेत्र के विद्वान एवं ब्राह्मण बंधुओ ने भाग लिया।

इस आयोजित बैठक में अनेक विचार रखे गए और अमूल्य विचार



को पारित किया गया। बैठक की अध्यक्षता चिंतामणि शर्मा, चतुर नारायण शर्मा, राजकुमार दुबे ने बैठक में अपने विचार रखें एवं महाज्ञानी भगवान परशुराम प्रकट महोत्सव मनाने की रूपरेखा तैयार की गई। आयोजन में विप्र समाज के लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। भगवान परशुराम प्रकट महोत्सव की तिथि पर प्रातः 7 बजे दुर्गा मंदिर बाड़ी में भगवान परशुराम जी की पूजा अर्चना के साथ विप्र समाज शोभा यात्रा के साथ नगर भ्रमण पर निकलेगा नगर भ्रमण उपरांत यात्रा का समापन दुर्गा मंदिर में होगा।

यहां पर नगर एवं क्षेत्र के विद्वान युवा पीढ़ी को भगवान परशुराम के आदर्श वीरता और संकल्प की संगोष्ठी के माध्यम से विचारों के आदान-प्रदान करेंगे।